बिहार लोक सेवा आयोग,

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

आवश्यक सूचना

दिनांक 30.09.2023 को आयोजित एकीकृत 69वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा के अन्तर्गत सामान्य अध्ययन (General Studies) विषय के औपबंधिक उत्तर दिनांक 06.10.2023 को आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित करते हुए दिनांक 09.10.2023 से दिनांक 11.10.2023 तक उम्मीदवारों से आपत्ति आमंत्रित किये गये थे। उक्त प्राप्त आपत्तियों के समीक्षोपरान्त उक्त विषय से सम्बन्धित प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला– 'A' 'B' 'C' एव 'D' के सभी प्रश्नों के द्वितीय औपबंधिक उत्तर दिनांक 17.10.2023 से आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित (Appeared) उम्मीदवारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वैसे उम्मीदवार, जिन्हें उक्त विषय के किसी भी प्रश्न के द्वितीय औपबंधिक उत्तर पर आपत्ति हो, तो वे अपने Username एवं Password से Login करते हुए डैशबोर्ड पर दिनांक 18.10.2023 से दिनांक 20.10.2023 तक आपत्ति प्रामाणिक साक्ष्य/स्त्रोत के साथ Upload कर सकते हैं।

डैशबोर्ड के माध्यम से द्वितीय औपबंधिक उत्तर पर आपत्ति दर्ज करने हेतु प्रति प्रश्न 500 रूपये शुल्क के रूप में देय होगा। ई॰ मेल तथा स्पीड पोस्ट के माध्यम से किया गया आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

द्वितीय औपबंधिक उत्तर में जिन प्रश्नों पर निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई, तो उन उत्तरों को निर्विवाद रूप से आदर्श उत्तर माना जायेगा एवं तत्पश्चात् इन प्रश्नों पर भविष्य में कोई आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।